पांच से बरगी बांध की सुरम्य वादियों में झील महोत्सव

सजने लगे स्विस टेंट, मोटर बोट दौड़ाने पहुंचा दल, नर्मदा तट पर बहेगी सुरों की धारा

मंडला, देशबन्धु। मंडला मार्ग पर स्थित समाधि रोड से आगे बरगी बांध के पहाड़ियों व द्वीपों से घिरे नर्मदा तट पर होने जा रहे झील महोत्सव की तैयारी पूर्णता की ओर है। 5 अप्रैल से आरंभ हो रहा झील महोत्सव में जल, थल और नभ पर साहसिक गतिविधियाँ देखने मिलेंगी वहीं शाम को सुरों की सरिता बहेगी। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) का यह आयोजन 20 अप्रैल तक चलेगा। बरगी बांध की अथाह जलराशि में जहां मोटर बोट और अन्य राइड का पर्यटक आनंद उठाएंगे वहीं पानी के बाहर ग्राउंड एक्टिविटीज के अंतर्गत पैरामोटरिंग का रोमांच भी होगा। मोटर बोट दौड़ाने वाले विशेषज्ञों का दल आयोजन स्थल पहुंच गया है। साहसिक खेल सतपुड़ा स्पोर्टस क्लब के ट्रेनर कराएंगे। पर्यटकों के रुकने के लिए टेंट सिटी

बनाने की तैयारी पूर्णता की ओर है पर्यटकों के लिए स्विस टेंट में रुकने की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर लगने वाले डोम के अंदर फूड जोन के साथ विभिन्न उत्पादों के स्टॉल यहां पहुंचने वाले जनसैलाब के लिए मनोरंजन में बढोतरी करेंगे। समाधि रोड से आगे बरबटी से एकलव्य हॉस्टल के आगे नर्मदा के इस सुगम्य तट तक पहुंचा जा सकता है। जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि महोत्सव में वाटर स्पोर्टस की वह सभी राइड देखने मिलेंगी जो समुद्र तटीय महानगरों में देखने मिलती हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में होने वाले साहसिक खेलों का आनंद अब जबलपुर में उठाया जा सकता है। एमपीटीबी के पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्र ने बताया कि यह वाटर कार्नीवाल जबलपुर को पर्यटन के नक्शे में और चमकाएगा।

राजस्थानी कलाकार देंगे प्रस्तुति- नृत्य नाटिका के माध्यम से माँ नर्मदा की स्तुति के साथ सांस्कतिक कार्यक्रम आरंभ होंगे। महोत्सव में शिवनारायण का समूह चकरी घूमर चरी, कालबेलिया जैसे राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति देगा मंच पर नगर के कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी।

नाइट वाटर सफारी होगी आकर्षण का केंद्र- इस आयोजन में पर्यटक नाइट वाटर सफारी का आनंद क्रूज पर उठा सकेंगे। पर्यटकों के ठहरने के लिए अमेरिकन स्विस टेंट भी लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बॉलीवुड और दक्षिण भारत के सिने स्टार शिरकत करेंगे। महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए फिल्म निर्माता और बियोंड स्टूडियोज के एमडी भारत भूषण ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। महोत्सव का डिजाइन और एग्जिक्यूशन वह कर रहे हैं। भारत भूषण ने बताया कि इस महोत्सव की कार्ययोजना ही इस प्रकार बनाई गई है कि इसमें भाग लेने के लिए देशभर के लोग आएं। झील महोत्सव मंडला जिले की सीमा के अंतिम गांव देवरी बकई के नर्मदा व्यू रिजॉर्ट में आयोजित हो रहा है।

क्रूज, नाइट सफारी और हाउस बोट का आनंद उठाएंगे लोग

झील महोत्सव के दौरान बरगी बांध पर दो क्रूज चलाई जाएंगी जो पर्यटकों को एक घंटे बांध में नौकाविहार कराएंगी। इस दौरान नगर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। क्रूज पर भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी जलविहार के क्रम में एक हाउस बोट पर बरगी बांध में उतारा जाएगा जो पर्यटकों को अलग अनुभव कराएगा।

जल स्त्रोत के संरक्षण व पुनर्जीवन के लिए अभियान शुरू

मां नर्मदा तट से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

मंडला, देशबन्धु। जनपद पंचायत नारायणगंज के मां नर्मदा घाट कुंभा से रविवार को जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मध्यप्रदेश सरकार की पहल पर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से शुरू हुआ यह अभियान 30 जून तक 90 दिनों तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए कार्य कराए जाएंगे। ग्राम पंचायत कुंभा में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां नर्मदा जी की आरती एवं पूजा अर्चना की गई। जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में जनपद सीईओ गौरी शंकर डेहरिया, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, जनपद सदस्य सुंदरलाल उर्वती, एसडीओ कोमल मरावी, इंजीनियर उपासना सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत कुंभा अखिलेश मरावी, सचिव दीपचंद साहू, पीसीओ पटेल, स्वच्छता मिशन से संतोष मेश्राम एवं पंचायत के सभी सदस्य और आसपास के ग्रामीणजन शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में सभी ने जल स्त्रोतों के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया।

सार-समाचार

हृदय की पवित्रता बता देता है पत्थर का हाथी, माता करती हैं हर मुराद पूरी

मंडला, देशबन्धु। चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया है, माता की भक्ति में भक्त लीन हो गए है। मां को प्रसन्न करने और आर्शीवाद लेने भक्त तरह-तरह से मां की सेवा में लगे हुए है। माता के भक्त नौ दिवसीय नवरात्र में माता की उपासना कर रहे है। जिले के प्राचीन मंदिरों, सिद्ध पीठो में भक्तों का तांता लगा हुआ है। प्रसिद्ध मंदिर में एक मंदिर ऐसा भी जहां भक्तों के पवित्र हद्य की पहचान एक पत्थर का हाथी करता है। यह सिद्ध स्थल जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर विकासखंड घुघरी में स्थित है। जहां घुघरी ब्लाक मुख्यालय से करीब 18 किमी दूर ग्राम सलवाह के नजदीक स्थित ग्राम चुरिया है। जहां माता का एक सदी से पुराना स्थान हैं। इसी स्थान में पत्थर का हाथी भी है। इस स्थान की प्रसिद्धि चारो और प्रसिद्ध है। यहां आने वाले श्रृद्धालु खाली हाथ नहीं जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम चुरिया में स्थित माता के स्थान में माता अपने भक्तों की मुरादें पूरी करती हैं। यहां के पुजारी महेन्द्र का परिवार पिछले पांच पीढियों से माता की सेवा कर रहे है।

एक ही परिवार पांच पीढ़ी से कर रहा माता की सेवा

शिव महापुराण में पहुंच रहे श्रद्धालु

मंडला, देशबन्धु। ग्राम घुघरा के मां शीतला चौक में दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर स्थानीय महिला मंडल द्वारा श्री शिव महापुराण का आयोजन प्रारंभ किया गया। यह धार्मिक आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक किया जाएगा। जिसमें कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले द्वारा भगवान शिव की संगीतमयी कथा सुनाई जा रही है। रविवार को कथा के पहले दिन कथा स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बाजे-गाजे के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सोमवार को सुबह रुद्राभिषेक कराया गया। शिवपुराण सुनने श्रद्धालु पहुंचे।

नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मां नर्मदा को चढ़ाई गई चुनरी

मंडला, देशबन्धु। महिला एवं बाल विकास, जन अभियान परिषद और आजीविका मिशन की बहनों ने चुनरी एवं कलश यात्रा निकाली। नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मां शीतला मंदिर से निकली यह यात्रा माहिष्मती घाट पर पहुंची। घाट पर आयोजित जल गंगा जल संवर्धन अभियान कार्यक्रम के पश्चात मां नर्मदा को चुनरी अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम, तहसीलदार मंडला श्री हिमांशु भलावी सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति बहनें उपस्थित रहीं।

कृषि मेले में मंडला का मसाला, गुड़, शहद व मिलेट्स रहा आकर्षण का केन्द्र

मंडला, देशबन्धु। शासन की कृषि संबंधी योजनाओं के प्रचार-प्रसार व नवीनतम कृषि तकनीक के प्रति जागरूकता के लिये किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में दो दिवसीय ''संभागीय मिलेट्स फेस्टीवल सह कृषि मेला'' का आयोजन किया गया। जिसमें मंडला का मसाला गुड़ और मिलेटस उत्पाद मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

मेले में फसल विधिकरण और तकनीकी खेती से कृषकों को लाभांवित करने के लिए कई प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे। जिले का पूरा सोशल सॉल्यूशंस प्रालि का स्टॉल मसाला गुड़, शहद और कोदो के चांवल के कारण मेले में आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसके लिए सहभागिता का प्रमाण पत्र सह सम्मान पत्र प्रदान किया गया। गजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि उनके कम्पनी के एडवाइजर सुरेन्द्र गुप्ता ने गुड को अदरक और इलाइची फ्लेवर मसाला गुड बनाकर पूरे देश में प्रचलित किया है।

क्षेत्र के विकास और उत्थान के लिए लगातार किए जा रहे हैं जनकल्याण के कार्य : मंत्री उइके

मंत्री संपतिया उइके ने ग्राम जामगांव में 2 करोड़ 77 लाख के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा लगातार विकास के कार्य किये जा रहे हैं। सड़क व पुल-पुलियों का निर्माण कर आवागमन को सुगम बनाया गया है, उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्कूलों का निर्माण कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। घर-घर बिजली और पानी पहुंचाकर लोगों की प्राथमिक जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम जामगांव में सामुदायिक कार्यों के लिए मंच का निर्माण, सीएम राईज स्कूल, उप स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि की

सौगात दी गई है। ग्राम जामगांव क्षेत्र में नागरिकों के विकास और उत्थान के जनकल्याण के कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके सोमवार को ग्राम जामगांव विकासखंड नैनपुर में 2 करोड़ 77 लाख की लागत से पानी टंकी निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सालिनी साहू, समाजसेवी श्रीमती श्रद्धा उइके, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद थे। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार लगातार जन कल्याणकारी कार्य कर रही है। सरकार की अधिकांश योजनाएं महिलाओं, किसान, वृद्ध, युवा, मजदूरों के कल्याण के लिए संचालित की जा रही है, जिसका लाभ प्रदेशवासियों को लगातार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम जामगाँव में सीएम राईज स्कूल की सौगात दी गई है। जिससे इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। हमारे बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ें। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर जैसे उच्च पदों को प्राप्त कर हमारे जिले का नाम रौशन करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि ग्राम जामगांव में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोला गया है जिससे संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिले।

भारी अवस्थाओं के साथ शुरू हो रहा नया शिक्षा सत्र

मंडला, देशबन्धु। मध्यप्रदेश के मंडला जिले में नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है नई शिक्षा सत्र की तैयारी नहीं की गई है आज भी स्कूल भवनों की हालत खराब है स्कूलों में शौचालय की स्थिति अच्छी नहीं है मध्यान भोजन बनाने के लिए रसोई घरों की हालत खराब हो गई है इन सब की मरम्मत व रंग रोगन करने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया गया है स्कूल परिसर में गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो गया है सरकारी स्कूलों में व्यवस्था सही नहीं की जा रही है शिक्षक अप डाउन बंद नहीं कर रहे हैं नागरिकों की मांग है कि स्कूली छात्र-छात्राओं को शासन की सभी योजनाओं का लाभ शुरुआत से ही दिया जाए देखा यह जाता है कि शिक्षा सत्र समाप्ति पर तमाम तरह की सुविधाओं से छात्र-छात्राओं को जैसे तैसे नवाजा जा रहा है इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए नई शिक्षा सत्र में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच सभी तरह की सुविधा प्रदान करने के लिए सभी तरह की औपचारिकता पूरी कर ली जाए ठीक तरह से स्कूल परिसर व स्कूल भवन तैयार किए जाएं बिजली पानी की व्यवस्था सही की जाए एवं तमाम तरह की सुविधा स्कूलों में मौजूद कराई जाए स्कूलों में पढ़ाई अच्छी हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए प्रत्येक सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल में जांच पड़ताल नियमित रूप से की जावे और शिक्षा की गुणवत्ता की जांच की जाए ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके नई शिक्षा सत्र का आगाज सही होना चाहिए प्रशासन इस विषय पर गंभीरता पूर्वक परिणामकारी कार्रवाई करें ऐसी जन अपेक्षा है इसके साथ ही मध्यान भोजन की राशि समय पर प्रदान की जाए लंबित राशि शीघ्र. प्रदान की जाए ऐसी मांग नागरिकों की है

राजा शंकरशाह एवं कुंवर रघुनाथशाह की प्रतिमा का किया अनावरण

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को ग्राम पंचायत जामगाँव, विकासखंड नैनपुर में स्थित गोंड़वाना साम्राज्य के महाराजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सालिनी साहू, समाजसेवी श्रीमती श्रद्धा उइके, एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

फरार चल रहे अभियुक्त को बम्हनी पुलिस ने मथुरा से किया गिरफ्तार

मंडला, देशबन्धु। थाना बम्हनी बंजर के वर्ष 2013 के प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्त को बम्हनी पुलिस ने मथुरा से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी बम्हनी बंजर में वर्ष 2013 में आरोपी सतीश चन्द्र जाटव के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 392, 397, 41 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले में विवेचना के बाद आरोपी के विरूद्ध चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें मामले के विचारण में आरोपी को न्यायालय द्वारा 10 वर्ष का कारावास एवं 10 हजार रुपए के जुर्माना के दंड से दंडित किया गया था। प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा अभियुक्त की अपील खारिज करते हुए वर्ष 2019 में 1 माह के भीतर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया था, किन्तु अभियुक्त लगातार फरार

चल रहा था। जिसपर अभियुक्त सतीश चंद्र जादव पिता रामदयाल जादव, नया नगला गली नंबर 08 डेम्पियर नगर थाना कोतवाली मथुरा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार करने के लिए न्यायालय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मंडला द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी बम्हनी बंजर को अभियुक्त की गिरफ्तारी वारंट की विधिवत तामीली के लिए निर्देशित किया गया था। उक्त आरोपी के गिरफ्तारी के लिए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के निर्देशन में थाना प्रभारी बम्हनी बंजर उप निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह भदौरिया द्वारा सहायक उप निरीक्षक मुकेश चौरसिया के नेतृत्व में टीम मथुरा उत्तर प्रदेश भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त को मथुरा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह भदोरिया, सहायक उप निरीक्षक मुकेश चौरसिया, प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश, महिला प्रधान आरक्षक सुशीला मरावी, आरक्षक रंजीत धुर्वे, आरक्षक शिवराम बघेल, आरक्षक उमराव व सुरेश भटेरे सायबर सेल मंडला की भूमिका रही।

मुख्यमंत्री विवाह-निकाह योजना का सामूहिक कार्यक्रम 16 अप्रैल को होगा

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को मंडला जिले के ग्राम पंचायत टिकरवारा में 16 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में विवाह स्थल, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पेयजल प्रबंध, पार्किंग व्यवस्था सहित की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की संपूर्ण तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाए। 16 अप्रैल को ग्राम टिकरवारा में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में 1100 वर-वधुओं का वैवाहिक/निकाह

कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। इस दौरान श्रद्धा उइके, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रोहित बड़कुल, कार्यपालन यंत्री पीआईयू श्री जेपी पटले सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, नगरपालिका मंडला, नैनपुर और नगर परिषद बम्हनी बंजर सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मलित होने वाले जोड़े में से कन्या को 49000 रूपए की राशि का एकाउंट पेयी चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किये जाने का प्रावधान है। साथ ही विवाह कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक निकाय को 6000 रूपए प्रति जोड़े के मान से राशि प्रदाय की जाती है। इस प्रकार कुल 55000 रूपए प्रतिजोड़े की राशि का प्रावधान है। उपरोक्त निकायों के इच्छुक वर-वधु मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनांतर्गत संबंधित निकाय में आवेदन निर्धारित दस्तावेजों सहित जमा कर इस योजनांतर्गत सहायता राशि प्राप्त कर सकता है।

आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज- मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजनांतर्गत वर/वधु के अभिभावक का मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र। वधु व उसके वर की 9 अंकों की समग्र आईडी। वधु व वर के आधार कार्ड की छाया प्रति। वधु व वर का आयु प्रमाण पत्र। आयु की पुष्टि हेतु वधु और वर द्वारा निम्नांकित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत किया जावे- स्कूल का प्रमाण पत्र (टी.सी.) अथवा अंक सूची जिसमें जन्मतिथि अंकित हो अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया, जन्म प्रमाण पत्र अथवा मतदाता सूची/मतदान परिचय पत्र जिसमें आयु अथवा जन्म तिथी अंकित हो। शासकीय चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा आयु हेतु जारी प्रमाण पत्र अथवा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम का जाब कार्ड, अन्य दस्तावेज जो आयु सिद्ध करने हेतु कानूनी रूप से स्वीकार हो, वधु व उसके वर के पासपोर्ट साईज के दो-दो फोटोग्राफ। वधु व वर का मोबाईल नम्बर (यदि हो तो), अभिभावक का मोबाईल नम्बर (यदि हो तो), कल्याणी (विधवा) होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण पत्र (कल्याणी पेंशन न प्राप्त कर रही हो।